# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर
ए–ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर

क्रमांकः–एफ.2 (क)/नोटिस/2021–22/1066 दिनांक– 08/12/2021

### आदेश

निदेशालय, कोष एवं लेखा द्वारा जारी स्थानान्तरण आदेश संख्या 30/2021–22 दिनांक 30.09.2021 द्वारा श्री हरीश चन्द्र दशोरा (लिंक नम्बर 2735), सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का स्थानान्तरण कार्यालय सचिव, नगर विकास न्यास, उदयपुर से कार्यालय आयुक्त, आबकारी विभाग, उदयपुर में किया गया था किन्तु निदेशालय को प्राप्त सूचना के अनुसार श्री दशोरा द्वारा आदिनांक तक नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

श्री दशोरा को तत्काल उनके वर्तमान कार्यालय से **दिनांक** 08/12/2021 **को मध्याह्न पश्चात से एतद् द्वारा कार्यमुक्त किया जाता है** तथा निर्देश दिये जाते हैं कि श्री दशोरा नवीन पदस्थापन स्थान पर नियमानुसार कार्यग्रहण कर ईमेल –**jdp1-ta-rj@nic.in**/ दूरभाष संख्या 0141–2744134 पर इस निदेशालय को सूचित करावें।

उक्त के अतिरिक्त श्री दशोरा को निर्देश दिये जाते हैं कि निदेशालय के स्थानान्तरण आदेशों एवं तत्पश्चात जारी परिपत्र क्रमांक 2070 दिनांक 27.10.2021 की अनुपालना में तत्काल कार्यमुक्त/कार्यग्रहण करने सम्बन्धी आदेशों की पालना आदिनांक तक नहीं किये जाने के सम्बन्ध में **कारणों सहित अपना स्पष्टीकरण** 7 कार्यदिवसों के अन्दर निदेशालय को पत्र/ईमेल के माध्यम से प्रेषित करावें अन्यथा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाही भी प्रारम्भ कर दी जायेगी, सूचित रहें।

(राधेश्याम मीणा)
निदेशक

क्रमांकः–एफ.2 (क)/नोटिस/2021–22/1066 दिनांक– 08/12/2021

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–**

1. सचिव, नगर विकास न्यास, उदयपुर को भेजकर लेख है कि सम्बन्धित लेखाकर्मी को नवपदस्थापन विभाग/कार्यालय में कार्यग्रहण करने हेतु तत्काल कार्यमुक्त करें।
2. आयुक्त, आबकारी विभाग, उदयपुर।
3. श्री हरीश चन्द्र दशोरा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I कार्यालय सचिव, नगर विकास न्यास, उदयपुर
4. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. निजी सचिव, निदेशक महोदय।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)